hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/mohanlal_sukhadia_university/govt_college_sirohi/uploads/doc/admission%20policy%202020-21.pdf

admission policy 2020-21.pdf

सत्यमेव जयते

# राजस्थान सरकार

## प्रवेश नीति 2020–21

( राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के लिए )

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान,
जयपुर।

Scanned with CamScanner

hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/mohanlal_sukhadia_university/govt._college_sirohi/uploads/doc/admission%20policy%202020-21.pdf
admission policy 2020-21.pdf 33 / 37

| | | | |
|---|---|---|---|
| | स्थित ब्लड बैंकों में स्वैच्छिक रक्तदान करने पर | | अधिकारी द्वारा जारी |
| ब | साक्षरता अभियान में तीन सत्र में तीन व्यक्तियों को अर्थात् प्रति सत्र एक व्यक्ति को साक्षर करने पर | 0.5 प्रतिशत | साक्षरता विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी प्रमाण– पत्र |
| स | अपनी कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात अपनी कक्षा की सम्पूर्ण पुस्तकें लगातार तीन सत्र तक बुक बैंक में जमा कराने पर | 0.5 प्रतिशत | प्राचार्य द्वारा जारी प्रमाण-पत्र |

6.7.10 महिला अभ्यर्थियों को देय लाभ

| | श्रेणी | प्रवेश योग्यता सूची में वरीयता निर्धारण हेतु देय लाभ |
|---|---|---|
| अ | महिला अभ्यर्थी (केवल सहशिक्षा महाविद्यालयों हेतु यदि अभ्यर्थी द्वारा आवेदित संकाय/विषय में अध्ययन की सुविधा स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय में उपलब्ध न हो।) | 3 प्रतिशत (एम.बी.ए., कम्प्यूटर व अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में यह लाभ देय नहीं होगा) |

6.7.11 अन्य विशेष प्रकार के अभ्यर्थियों को देय लाभ

| | श्रेणी | प्रवेश योग्यता सूची में वरीयता निर्धारण हेतु देय लाभ |
|---|---|---|
| अ | मृत राज्य कर्मचारी के पुत्र/पुत्री अथवा कॉलेज शिक्षा सेवाओं में सेवारत या सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री। | 3 प्रतिशत (एम.बी.ए., कम्प्यूटर व अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में यह लाभ देय नहीं होगा) |



Scanned with CamScanner

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, सोमवार, 12 दिसंबर, 2022 | 16

## मुख्य वक्ता मीणा ने मानवाधिकार दिवस के महत्व व मौलिक अधिकारों के बारे में बताया

# महाविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया

**करौली|** शहर के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य नत्थू सिंह राजावत ने विद्यार्थियों को जियो और जीने दो का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रामावतार मीणा ने अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के इतिहास व महत्व के बारे में चर्चा करते हुए मानव के मौलिक अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ.पप्पू लाल कोली ने मानवाधिकार दिवस के बारे में बताया। इस अवसर पर अंकित मीणा,दिलखुश कुमार मीणा,गोरे लाल मीणा, ब्रिजेश कुमार मीणा, डॉ.ओमप्रकाश मीणा,डॉ. मिथलेश गुप्ता, मनमोहन सिंह व देवी सहाय प्रजापत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन विश्राम सिंह मीणा ने किया।



करौली। शहर के राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया।

हिंडौन सिटी ग्रामीण। राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना व मानवाधिकार क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.महेश कुमार गर्ग ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र सार्वभौमिक घोषणा पत्र की स्मृति में प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया जाता है। डॉ.रीतेश जैन सहायक आचार्य राज. विज्ञान ने बताया कि किसी राष्ट्र व समाज के कल्याण और विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए मानव अधिकारों का होना आवश्यक है। मानव अधिकारों के अर्थ व मूल अधिकारों में अन्तर के बारे में भी जानकारी दी। श्रीनिवास गुर्जर सहायक आचार्य रसायनशास्त्र ने भारत में मानव अधिकारों की स्थिति व संरचनात्मक स्थिति के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश चन्द मीना ने अपने उद्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर शुभकामना देते हुए सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए कहा। इस अवसर पर ई.एल.सी. प्रभारी श्रीनिवास गुर्जर ने सभी विद्यार्थियों के माध्यम से वोटर आई.डी.कार्ड के लिए पंजीकरण कराने की जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन भी करवाए।

Scanned with CamScanner

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

## सूचना

महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26/11/2022 को राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता में डॉ अम्बेडकर का योगदान विषय पर जिला एवं राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शब्द सीमा 2000 शब्द होगी इच्छुक विद्यार्थी https://forms.gle/MwHtCCRJBNZEE3p29 पर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करे प्रतियोगिता में विजेताओ को मिलने वाली राशि का विवरण निम्ननुसार है प्रथम 5100 द्वितीय 3100 तृतीय 2100 अधिक जानकारी के लिए श्रीमती उपमा मीना सहायक आचार्य अंग्रेजी से सम्पर्क कर सकते है।


प्राचार्य 12/11/22

Scanned with CamScanner

हिंडौन भास्कर

जयपुर, बुधवार, 16 मार्च, 2022 | 18

# शिविर में स्वच्छता अभियान चलाया



**हिंडौन सिटी।** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के दौरान दोनों इकाइयों की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन दिवसीय शिविर के दौरान महाविद्यालय की दोनों इकाइयों की ओर से महाविद्यालय परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के दौरान पार्क को साफ किया गया। शिविर प्रभारी रामनिवास गुर्जर, भोली मीणा ने स्वयं सेवकों को गोद ली गई बस्तियों में ले जाकर वोटर आईडी बनवाने व चुनावों में अपने मत के अधिकार के बारे में जानकारी दी व मतदान के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया। कार्यक्रम में डॉ.अनिल अग्रवाल, डॉ.रितेश जैन, सहदेव चौधरी, उपमा मीणा, मनोज मीणा, रामप्रसाद मीणा व अभिषेक आदि ने स्वयं सेवकों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई गई जनहित की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,हिण्डौन सिटी

दिनांक 23/3/22

सादर प्रकाशनार्थ

स्थानीय संपादक

राजस्थान पत्रिका / दैनिक भास्कर–हिण्डौन सिटी

## प्रेस समाचार

स्थानीय महाविद्यालय में आज दिनांक 23/03/2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान शहीद दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेश चन्द मीना ने की तथा उन्होने अपने उद्बोधन में श्री भगतसिंह जी, श्री राजगुरु जी, श्री सुखदेव जी की शहादत को याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के श्री मुकेश कुमार गोयल, श्री रामराज मीना, श्री सर्वेजीत मीना, डॉ अनिल अग्रवाल, श्री धर्मेन्द्र सिंह,सुश्री भोली मीना, श्री सहदेव सिंह चौधरी, श्री श्रीनिवास गुर्जर, डॉ रीतेश जैन , श्रीमती उपमा मीना, श्री अभिषेक डागुर सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

# नृत्य प्रतियोगिता में हरिओम जांगिड़, गायन प्रतियोगिता में लव कुश प्रथम

**हिंडौन सिटी**। शहर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को अमृत महोत्सव के तहत नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश मीणा ने की। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी भोली मीणा ने बताया कि सांस्कृतिक प्रतियोगिता में 30 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हरिओम जांगिड़, द्वितीय स्थान सोनम, तृतीय स्थान कल्पना ने प्राप्त किया। वहीं गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लव कुश, द्वितीय स्थान कपिल शर्मा एवं तृतीय स्थान कौशला ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में रामराज मीणा, सर्वजीत मीणा, अनिल अग्रवाल, सहदेव चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, रामप्रसाद मीणा, श्रीनिवास गुर्जर मीणा, प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल, सुरेश कुमार मीणा, अभिषेक कुमावत, श्याम सुंदर शर्मा, मनीष गुप्ता, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।




हिंडौनसिटी। अमृत महोत्सव पखवाड़े के समापन पर प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

## कॉलेज में जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**करौली**। गांधीवादी एस एन सुब्बाराव जी की जयंती पर राजस्थान युवा पखवाड़ा के तहत राजकीय महाविद्यालय करौली में जिला स्तरीय कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य ज्ञानेश्वर मीणा की अध्यक्षता व भरत लाल मीणा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, विशिष्ट अतिथि गोविंद प्रसाद शर्मा सहायक निदेशक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने गांधी जी और सुब्बाराव जी के जीवन दर्शन पर अपने विचार प्रकट किए। इनमें प्रमुख रूप से सर्वेश कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ने गांधी जी के रचनात्मक कार्य राम अवतार प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय ने गांधी वाद के विस्तार में सुब्बाराम जी का योगदान का महत्व पर विचार प्रकट किए। वहीं भरत लाल मीणा व प्राचार्य ज्ञानेश्वर ने ब्लॉक स्तर पर आयोजित की गई।

Scanned with CamScanner

राजस्थान पत्रिका
करौली, रविवार, 20 फरवरी, 2022

# दमकी रंगोलियां, छात्राओं ने दिखाया कौशल



**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सजाई रंगोली।

**हिण्डौनसिटी @ पत्रिका.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अमृत महोत्सव पखवाड़े के तहत शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाई। आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश चंद मीणा की अध्यक्षता में हुआ। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री भोली मीणा के निर्देशन में प्रतियोगिता में 15 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल सदस्य रामराज मीणा, सहदेव चौधरी, उपमा मीना, मनीष गुप्ता, श्रीनिवास गुर्जर, डा. प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल, अभिषेक कुमावत ने अंकों के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में अभिलाषा मीना, खुशी दत्तात्रेय व कशिश मीना का ग्रुप प्रथम, मोनिका जांगिड़, विशाखा, वीनेश जाटव का ग्रुप द्वितीय एवं राधा जाटव, मनीषा सैनी व पुष्पा जाटव का ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। विजेता ग्रुप की छात्राओं ने प्राचार्य सुरेश चंद्र मीणा ने पुरस्कृत किया। महाविद्यालय में धूम्रपान निषेध विशेष समिति के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. अनिल अग्रवाल ने धूम्रपान के दुष्प्रभाव बताए। कार्यक्रम का संचालन रामराज मीणा ने किया।

Scanned with CamScanner

# रंगोली प्रतियोगिता में अभिलाषा, खुशी, कशिक प्रथम

कार्स. हिंडौनसिटी

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सुरेश चंद मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को अमृत महोत्सव पखवाड़े के तहत छात्राओं की रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 15 छात्राओं ने भाग लिया। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी भोली मीणा ने बताया कि शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सुरेश चंद मीणा की अध्यक्षता में अमृत महोत्सव पखवाड़े के तहत रंगोली प्रतियोगिता हुई। जिसमें 15 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें छात्रा अभिलाषा मीणा, खुशी दत्तात्रेय, कशिक मीणा प्रथम स्थान पर रही। मोनिका जांगड़, विशाखा, वीनेश जाटव द्वितीय स्थान पर रही। राधा जाटव मनीषा सैनी व पुष्पा जाटव तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में रामराज मीणा, डॉ अनिल अग्रवाल,सहदेव चौधरी, उपमा मीणा, श्रीनिवास गुर्जर, मनीष गुप्ता, डॉ प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल, सुरेश मीणा, अभिषेक कुमावत मौजूद रहे। महाविद्यालय में धूम्रपान निषेध समिति के तत्वाधान में नशा मुक्ति विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्यवक्ता डॉ. अनिल अग्रवाल ने बीड़ी, सिगरेट, स्मैक गांजा, जर्दा आदि के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।



हिंडौनसिटी। राजकीय कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता हुई।

Scanned with CamScanner

राजस्थान पत्रिका patrika.com
करौली, शुक्रवार, 18 फरवरी, 2022

# मेहंदी प्रतियोगिता में संगीता प्रथम



हिण्डौनसिटी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता में मेहंदी दिखाती संभागी छात्राएं।

## राजकीय महाविद्यालय में अमृत महोत्सव पखवाड़ा

**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अमृत महोत्सव पखवाड़े के तहत महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री भोली मीणा ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में 15 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में संगीता जाटव प्रथम, मोनिका जांगिड़ द्वितीय तथा विशाखा जांगिड़ तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में रामराज मीना, सर्वेजीत मीना, सहदेव चौधरी, डॉ प्रीति अग्रवाल, समीक्षा अग्रवाल रहे। प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया।

Scanned with CamScanner

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, शुक्रवार, 18 फरवरी, 2022 | 20

# राजकीय महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



हिंडौन सिटी | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अमृत महोत्सव के तहत चल रहे कार्यक्रम में गुरूवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने की। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री भोली मीणा ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में 11 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिनमें छात्रा वर्ग में संगीता जाटव ने प्रथम स्थान, रविता ने द्वितीय स्थान, मनीषा एवं विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र वर्ग में लाखन सिंह प्रजापत ने प्रथम स्थान, मनोज गुर्जर ने द्वितीय स्थान और आमिर खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में रामराज मीणा, सर्वजीत मीणा, सहदेव चौधरी, डां. रीतेश जैन, डां. प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल, सुरेश कुमार मीणा व अभिषेक कुमावत रहे।

Scanned with CamScanner

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, बुधवार 16 फरवरी, 2022 | 20

# राजकीय कॉलेज में हुआ राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन



**हिंडौन सिटी** | शहर के राजकीय महाविद्यालय में राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने की।

श्रीनिवास गुर्जर सहायक आचार्य रसायन शास्त्र ने बताया कि साइंस लिटरेचर फेस्टिवल बुधवार तक आयोजित होगा। इस अवसर पर सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग का प्रभाव समाज हित में विषय को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में पक्ष व विपक्ष में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन मनीष गुप्ता ने किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रिया शर्मा, अभिलाषा, सोनू ,अनुज, आबिद शाह ने भाग लिया। महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह, सहदेव सिंह चौधरी, डॉ श्याम सुंदर शर्मा एवं सुरेश चंद मीणा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

Scanned with CamScanner


Pamper your Skin with goodness of Ayur
रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम में मौजूद ऐलोवेरा, तुलसी, द्राक्षा, हरिद्रा, चंदन, बादाम इत्या
नमी सुरक्षित रख एक ट्रीटमेंट की तरह कार्य करती हैं। इसके पोषक एवं एंटी-ऑक्सी
को युवा रखने में सहायता करते हैं। यह रूखी/बेजान त्वचा, झुर्रियों, आंखों के
खिंचाव के निशान इत्यादि के प्रबंधन में विशेष सहायक है।

## स्वामी विवेकानंद की 159 वीं जयंती मनाई

# युवा दिवस पर हुई संगोष्ठी तथा खेल प्रतियोगिताएं





**हिण्डौनसिटी.** विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता तथा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा दिवस पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**हिण्डौनसिटी.** स्वामी विवेकानंद की 159 वीं जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान स्वामी विवेकानंद पार्क व राजकीय महाविद्यालय सहित शिक्षण संस्थानों में युवा संगोष्ठी व खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं।

जिला चिकित्सालय के पास स्थित विवेकानंद पार्क में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जयंती कार्यक्रम मनाया। जिला सह संयोजक आलोक देशवाल ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही स्वामीजी के आदर्शों को अंगीकार करने का संकल्प लिया। नगर उपाध्यक्ष अजय डागुर ने बताया कि युवा दिवस पखवाड़े के तहत एबीवीपी अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी।

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में युवा दिवस मनाया गया। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिता व संगोष्ठी आयोजित हुई।एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर द्वितीय एक दिवसीय शिविर भी लगाया गया। प्राचार्य सुरेशचंद मीणा ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सहायक आचार्य डॉ. रितेश जैन सहित अन्य ने विवेकानंद के बारे में जानकारी दी।

वहीं खेल अधिकारी राम प्रसाद मीणा एवं सर्वजीत मीणा के निर्देशन में खेल प्रतियोगिताएं हुईं। संचालन सुश्री भोली मीणा तथा श्याम सुंदर शर्मा ने किया। इसी प्रकार अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में युवा दिवस मनाया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ अशोक गुप्ता ने बताया कि प्राचार्य डॉ राजसिंह ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने स्वामी के कृतित्व के बारे में जानकारी दी।

**महू इब्राहिमपुर.** नेहरू युवा केन्द्र की स्थानीय इकाई की ओर से कस्बे में एक शिक्षण संस्थान में युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के जिला लेखा एवं कार्यक्रम प्रभारी रविन्द्र सक्सेना व विष्णु सोलंकी विचार व्यक्त किए। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में कपिल सोलंकी प्रथम, अंजना बांसरे द्वितीय और वेदांश जागिड़ तृतीय रहे। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

*(कार्यालय संवाददाता)*

Scanned with CamScanner

NSS Seven Day Camp

करौली-हिण्डौन पत्रिका 11 राजस्थान पत्रिका patrika.com
करौली, बुधवार, 29 दिसम्बर, 2021

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर

# किया श्रमदान, सीखा योग का ज्ञान



हिण्डौनसिटी. अग्रसेन कॉलेज में योगाभ्यास सिखाते प्रशिक्षक।



हिण्डौनसिटी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस शिविर समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

हिण्डौनसिटी. अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में मंगलवार को योगाभ्यास कराया गया। पतंजलि योगपीठ के ...त हरीप्रसाद गुप्ता ने छात्राओं को प्रदर्शन करते हुए योग सिखाने के साथ लाभों की जानकारी दी। सुबह श्रमदान के साथ शुरू हुए शिविर के पांचवे दिन के कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई कार्य किया। खेल मैदान व उद्यान की सफाई की।

दोपहर में योग सत्र में मुख्य अतिथि हरी प्रसाद गुप्ता ने छात्राओं को योग का महत्व बताया। साथ ही सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि फेफड़ों को मजबूत करने के लिए भस्त्रिका प्राणायाम, डायबिटीज पेट की बीमारी एव अन्य रक्त संबंधी बीमारियों के लिए कपालभाति अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ राजसिंह ने योग को ऋषियों का विषयों का ज्ञान बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक गुप्ता ने कहा कि योग से मानव इंद्रियां नियंत्रित होती हैं तथा मन में एकाग्रता पैदा होती है। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस यूनिट प्रथम के प्रभारी साहब सिंह ने किया।

### रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच शिविर सम्पन्न

29/12/2021

हिण्डौनसिटी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लग रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। इस दौरान शिविरार्थी छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही शिविर के अनुभवों को अतिथियों व सहपाठियों से साझा किया।

प्राचार्य रामराज मीणा की अध्यक्षता में आयोजित समापन कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. विजयसिंह मीणा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गुड हेल्थ, गुड एजुकेशन के बारे में बताया। साथ ही हर मौसम में स्वस्थ्य रहने के गुर बताए। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। प्रथम सत्र में वक्ता राजेंद्र कुमार जांगिड़ ने व्यक्तित्व विकास, अनुशासन संवाद के बारे में व्याख्यान दिए। इस दौरान प्राचार्य रामराज मीणा ने अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक प्रतियोगिता में रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करने पर उसे मेडल पहनाकर बधाई दी। कार्यक्रम अधिकारी भोली मीणा ने बताया कि गत दिवस संगोष्ठी में अधिवक्ता श्रीभानसिंह ने कन्या भ्रूण हत्या पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सामाजिक अपराध की रोकथाम के कानून की और दण्ड प्रावधानों के बारे बताया।

द्वितीय सत्र में कोतवाली थाना प्रभारी वीरसिंह गुर्जर ने शिविरार्थियों को कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट, सड़क सुरक्षा, हेलमेट व शीटबेल्ट का प्रयोग की सामान्य जानकारी के अलावा के अपराध की श्रेणी में आने वाले कार्यों, उनकी रोकथाम के लिए बनाए नियम व सजा के प्रावधान के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी भोली मीणा ने बताया कि शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन यूनिट प्रभारी श्रीनिवास गुर्जन ने किया। इस दौरान स्पोर्ट्स अधिकारी आरपी मीणा, एकाउंट्स अधिकारी राधेश्याम मीणा, राजेश फागणा उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने सेवा का लिया संकल्प

**नादौती.** यहां राजीव गांधी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर में मुख्य अतिथि योग शिक्षक रामनिवास ने नियमित योग करने के फायदे बताए । वहीं शिविर में सीखी बातों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय निदेशक डॉ प्रद्युम्न सिंह, प्राचार्य डॉ खुशीराम मीणा तथा योग शिक्षक रामनिवास ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना की। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को सेवा कार्यों का महत्व समझाया। महाविद्यालय निदेशक डॉ प्रद्युम्न सिंह ने स्वयं सेवकों द्वारा किए कार्य की प्रशंसा करते हुए निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. खुशीराम मीणा ने स्वयंसेवकों से सेवा का संकल्प लेने की बात कही। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अरविंद चतुर्वेदी ने शिविर का प्रतिवेदन पढकर सुनाया। इकाई अ के प्रभारी जसराम बैरवा ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव बताए। इस अवसर पर व्याख्याता कुम्हेर सिंह, लक्ष्मण सिंह खटाना अर्जुन सिंह, चेतराम सिंह, शेरसिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

**करौली.** राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस के चौथे दिन मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने विभिन्न जगह सफाई की। मुख्यवक्ता रमेशचंद शर्मा एसई विद्युत निगम ने बिजली की बचत करने पर जोर दिया। डिजीटल मीटर की भ्रांतियों को दूर किया। दयालसिंह अधिवक्ता ने हिन्दू विवाह अधिनियम के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ज्ञानेश्वर मीणा ने की। मंच संचालन विश्रामसिंह मीणा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ संकाय सदस्य नत्थूसिंह राजावत, ओमप्रकाश मीणा, बृजेश मीणा आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

जगह-जगह एनएसएस शिविर

# रैली से स्वच्छता का दिया संदेश




हिण्डौनसिटी.एनएसएस शिविर के तहत जागरुकता रैली निकालते राजकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवक तथा नादौती में राजीव गांधी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में श्रमदान के दौरान स्वयंसेवक।

## स्वयंसेवकों ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 27/12/2021

हिण्डौनसिटी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लग रहे विशेष शिविर के तहत रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के आस-पास की बस्तियों में पहुंच लोगों को स्वच्छता व कोविड वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि रैली को प्राचार्य रामराज मीणा व एनएसएस समन्वयक सुरेश मीणा ने हरीझंडी दिखा कर रवाना किया। रैली अभय विद्या मंदिर विद्यालय के पीछे स्थित अभय नगर सहित कई कॉलोनियों से निकली। स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छता, सामाजिक सद्भाव, केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी ने बातया कि 22 दिसम्बर से लग रहे शिविर में महाविद्यालय के गांधी पार्क की सफाई की व पेड पौधों की सिंचाई व सारसंभाल की। राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. रितेश जैन ने गांधी ने दर्शन की प्रासंगिकता के बारे में बताया। द्वितीय यूनिट की कार्यक्रम अधिकारी भोली मीणा ने राष्ट्रपिता गांधी की सामाजिक जीवन में प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान दिया। इसी प्रकार अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में लग रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में स्वयं सेविकाओं को विधिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक गुप्ता व साहब सिंह ने बताया कि अधिवक्ता महेश गोयल ने छात्राओं ने महिला घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न के बारे में बताया। साथ ही कानूनी तौर पर बचाव और कार्रवाई की प्रक्रिया की जानकारी दी। इससे पूर्व के छात्राओं ने महाविद्यालय के अग्रेसन पार्क की सफाई की। साथ पेड-पौधों की छंटाई कर क्यारियों की सारसंभाल की।

**नादौती.** राजीव गांधी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन गोद ली गई बस्ती सिकंदरपुर में ग्रामीणों को जागरूक करने को रैली निकाली। इस दौरान राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। जिन्होंने अभी तक कोरोना बचाव का टीका नहीं लगवाया है, उन्हें टीका लगवाने को प्रेरित किया।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने इकाई ब के कार्यक्रम अधिकारी जसराम बैरवा के नेतृत्व में गोद ली गई बस्ती सिकंदरपुर के आम रास्ते तथा शिव मंदिर के आसपास सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इसी प्रकार इकाई अ के कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने गोद ली बस्ती में चेतना रैली निकाली तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉक्टर प्रद्युम्न सिंह, प्राचार्य डॉक्टर खुशी राम मीणा, व्याख्याता मनीष सेन, चेतराम सिंह, वीर शेर सिंह, धीरज कुमार, लक्ष्मण सिंह आदि ने आयोजन में सहयोग किया।

**मंडरायल.** उपखंड्ड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में सात दिन से चल रहा एनएसएस शिविर रविवार को सम्पन्न हुआ। इसमें शिविर में किए कार्यों का विश्लेषण करते हुए विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन करने की अपील की गई।

प्राचार्य डॉ. केएल मीना अध्यक्षता एवं मोगेपुरा स भूरसिंह मीना के मुख्य आतिथ आयोजित कार्यक्रम में मां सरर के चित्र पट के समक्ष दीप प्रज्व कर पूजन करने से शिविर सम कार्यक्रम की शुरूआत हुई। शि प्रभारी डॉ. उदयवीर तोषवर ने र दिन किए गए कार्यों का प्रति प्रस्तुत किया। प्राचार्य शीतकालीन छुट्टियों के नियमित कॉलेज में उपस्थित ह अध्ययन करने की अपील शिविर में 50 स्वयं सेवकों ने ि लिया।

## साइबर ठगी से बचाव के बताए तरीके

**करौली.** यहां राजकीय महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर संचालित है। शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर मीना ने की। शिविर की थीम राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गांधी दर्शन की प्रासंगिकता पर प्राचार्य ने एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के सेवानिवृत प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद मीना ने एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को बैंकिंग साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बैंकिंग के लाभों को स्वयं सेवकों को बताया। उन्होंने बताया कि वर्तमान युग में साइबर फ्रॉड किस प्रकार लोगों को नुकसान पहुंचा सकता है और उससे किस प्रकार बचा जा सकता है, के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन एनएसए के कार्यक्रम अधिकारी विश्राम सिंह मीना ने किया। इस अवसर पर स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने महाविद्यालय में श्रमदान किया इस मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश मीना, विश्रामसिंह मीना एवं बृजेशकुमार मीना ने भी विचार व्यक्त किए।

Scanned with CamScanner

राष्ट्रीय सेवा योजना
☎ 07469-232013
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
हिण्डौन सिटी, जिला–करौली (राज.)

क्रमांक

# प्रेस समाचार

दिनांक 25/11/2021

स्थानीय संपादक
दैनिक भास्कर/ राजस्थान पत्रिका/ निर्भिक राजस्थान/ इंडिया टुडे

विषय : संविधान दिवस मनाने एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।

स्थानीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कल दिनांक 26 नवम्बर 2021 को प्रात: 11:30 बजे से कक्ष सं. 01 में संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर जिला एवं राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जावेगा। निबंध प्रतियोगिता का विषय "डॉ० भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था" तथा शब्द सीमा 2000 शब्द होगी। उपर्युक्त प्रतियोगिता डॉ भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) मूण्डला, जयपुर द्वारा आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम विजेता को 5100-/-, द्वितीय को 3100-/- तथा तृतीय को 2100 रुपये राशि देय होगी तथा राज्य स्तर पर प्रथम विजेता को 51000 रुपये, द्वितीय को 31000 रुपये तथा तृतीय को 11000 रुपये राशि देय होगी। प्रतियोगिता में महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थी ही भाग ले सकते है तथा लिंक के माध्यम से दिनांक 26 नवम्बर 2021 तक रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन 12 बजे से सेमीनार हॉल में होगा।

(हस्ताक्षर)
कार्यक्रम अधिकारी
NSS, Unit - B

(हस्ताक्षर)
कार्यक्रम अधिकारी
NSS, Unit A

(हस्ताक्षर) 25/11/2021
प्राचार्य
राज. महा. हिण्डौनसिटी

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

क्रमांक 1104

दिनांक 5/9/2019

श्रीमान आयुक्त महोदय्
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा
राजस्थान जयपुर।

विषय :– युवा विकास केन्द्र योजनांन्तर्गत व्याख्यान का अनुमोदन हेतु ।

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक 4427 दिनांक 22/7/2019

महोदय्

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि सत्र 2019–20 में युवा विकास केन्द्र योजनान्तर्गत महाविद्यालय में विषय विशेषज्ञ द्वारा निम्न व्याख्यान आयोजि करवाये जाने है। कृपया इनका अनुमोदन भेजने का श्रम करें, जिससे युवा विकास केन्द्र योजनान्तर्गत व्याख्यानमालाऐं आयोजित की जा सकें ।

| क्रं.सं. | व्याख्यान का विषय | विषय विशेषज्ञ का नाम | विषय विशेषज्ञ योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | व्यक्तित्व विकास | डॉ सुनील अग्रवाल | एम ए ,पीएच डी |
| 2 | साइबर क्राइम | श्री सुनील सिघंल | एम सी ए |
| 3 | योग और आयुर्वेद का दैनिक जीवन में महत्व | डॉ सतीश चन्द शुक्ला | बी ए एम एस |
| 4 | सडक सुरक्षा और यातायात | श्री ओमेन्द्र सिंह | एम ए नेट |
| 5 | सी बी राइटिंग | डॉ ऋषि कुमार शर्मा | एम ए ,पीएच डी |
| 6 | तनाव प्रबंधन | डॉ मनोज कुमार सिंह | एम ए ,पीएच डी |
| 7 | समय प्रबंधन | डॉ रितेश कुमार जैन | एम ए ,पीएच डी |
| 8 | पत्रकारिता के क्षेत्र में रोजगार के अवसर | श्री संदीप गोयल | बीजेएमसी |
| 9 | उद्यम स्थापना हेतु संचालित योजनाऐं | श्री अमृत लाल मीना | एम ए |
| 10 | सक्षात्कार की तैयारी कैसे करें | डॉ राजसिंह | एम ए ,पीएच डी |
| 11 | सक्षात्कार कैसे दें | प्रो. संतोष कुमार अग्रवाल | एम ए |
| 12 | प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाऐं | डॉ सुनील कुमार शर्मा | एम ए ,पीएच डी |
| 13 | दूरस्थ शिक्षा | डॉ राममूर्ति मीना | एम ए ,पीएच डी |
| 14 | ग्रामीण विकास योजनाऐं | लखनसिंह कुन्तल | एम ए नेट |
| 15 | जलवायु परिवर्तन | डॉ अजयसिंह कसाना | एम ए ,पीएच डी |

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# संगोष्ठी में बताए यातायात नियम

## युवा विकास केन्द्र कार्यक्रम

## वाहन सुरक्षित तरीके से चलाने का दिया संदेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



**हिण्डौनसिटी.** राजकीय महाविद्यालय में यातायात नियमों की जानकारी देते यातायात पुलिस प्रभारी।

**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा विकास केन्द्र योजना के तहत सोमवार के रोड सेफ्टी संगोष्ठी हुई। इसमें यातायात प्रभारी ओमेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी।

युवा विकास केन्द्र के प्रभारी डॉ. अनिल अग्रवाल ने बताया कि प्रचार्य भगवानसहाय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में यातायात प्रभारी ने सड़क सुरक्षित और वाहन संचालन के नियमों के बारे में बताया। साथ ही छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों की पालना का संकल्प दिलाया।

*(कार्यालय संवाददाता)*

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

कॉलेज में हुई विचार गोष्ठी

# सेहत के लिए योग जरूरी

## आयुर्वेद का भी बताया महत्व

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

हिण्डौनसिटी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को युवा विकास केन्द्र की ओर से 'योग और आयुर्वेद का दैनिक जीवन में महत्व' विषय पर विचार गोष्ठी हुई। जिसमें वक्ताओं ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति व योग का पुरातन काल से सम्बन्ध होना बताया।

मुख्यवक्ता आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीशचंद शुक्ला ने कहा कि आयुर्वेद औषधियों के उपयोग से व्यक्ति जीवन भर निरोगी बना रह सकता है। जबकि नित्य योग करने से शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। उन्होने कहा कि सुबह के समय घूमने, प्राणायाम व



हिण्डौनसिटी. राजकीय महाविद्यालय में विचार गोष्ठी में मौजूद छात्र-छात्राएं।

सूर्य नमस्कार करने से तरो ताजगी का अहसास होता है। शुक्ला ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए तैलीय व फास्टफूड का परहेज कर भोजन में संतुलित आहार लेना चाहिए। गोष्ठी में प्राचार्य भगवानसहाय शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इसलिए सेहतमंद शरीर के लिए आयुर्वेद और योग को नियमित दिनचर्या में अपनाना चाहिए। कौशल विकास केन्द्र प्रभारी डॉ. अनिल अग्र ने कार्यक्रम संचालन किया। दौरान दौरान सहायक आचार्य धर्मेन्द्रसिंह समेत कई व्याख व छात्र-छात्राएं मौजूद (पत्रिका संवाददाता)

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

IMG_20170905_120922829.jpg

IMG_20171002_120324.jpg



दिनांक — 05/9/17

शपथ — बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य सीधी

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# PLEDGE ON BETI BACHAO, BETI PADHAO

I, a Citizen of India, hereby take a solemn pledge today that I shall act in all possible ways individually and collectively to eliminate gender biased discrimination and sex selection that threatens the birth and the survival of Girls. I commit to enable Girl Child's Education and ensure that girls are born, loved and nurtured to become equal & empowered citizens of the country.

I, also solemnly resolve to spread the message of *Beti Bachao, Beti Padhao* among the fellow women and men of our country.

JAI HIND !

मैं, भारत का नागरिक, आज यह शपथ लेता/ लेती हूं कि मैं लिंग भेद और लिंग चयन जो कि बालिकाओं के जन्म एवं उनके अस्तित्व को जोखिम में डालता है, उस मानसिकता का त्याग करूंगा/करूंगी। जिससे ये सुनिश्चित हो कि लड़कियां जन्म लें, उन्हें समान प्यार व शिक्षा मिले और देश का सशक्त नागरिक बनने का समान अवसर मिले।

मैं यह भी संकल्प लेता/लेती हूं कि मैं जन्म पूर्व लिंग पहचान के आधार पर हो रही कन्या भ्रूण हत्या को व्यक्तिगत रूप से और सामूहिक रूप से समाप्त करने की मुहिम में अपना भर-पूर सहयोग दूंगा/दूंगी।

मैं यह भी संकल्प लेता/लेती हूं कि मैं अपने देश की महिलाओं एवं पुरुषों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश का प्रचार प्रसार करूंगा/करूंगी।

जय हिन्द!

Scanned with CamScanner


Gmail

**Govt. College Hindaun City Karauli <gchindaun@gmail.com>**

## (no subject)

2 messages


**Dr.Anil Agrawal** <dr.anilbhartiya@gmail.com> Tue, Sep 5, 2017 at 6:04 PM
To: gchindaun@gmail.com



**IMG_20170905_120922829.jpg**
2893K

**Govt. College Hindaun City Karauli** <gchindaun@gmail.com> Wed, Sep 6, 2017 at 9:36 AM
To: College Education Rajasthan <innovation.cceraj@gmail.com>

---------- Forwarded message ----------
From: Dr.Anil Agrawal <dr.anilbhartiya@gmail.com>
Date: Tue, Sep 5, 2017 at 6:04 PM
Subject:
To: gchindaun@gmail.com



**IMG_20170905_120922829.jpg**
2893K

05 Sep., 2017 शिक्षक दिवस पर
"बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" शपथ
कार्यक्रम।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय * प्राचार्य * हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

02/10/19 भी News

ी करते है। वहीं रामायण का पाठ का आयोजन किया जा इस दौरान क्षेत्र के श्रद्धालु बढ़ चढ़कर भाग आदि लोग श

दैनिक भास्कर

# राजकीय पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर में 42 स्टूडेंट्स ने दिया रक्त

**नगर संवाददाता** | हिंडौन सिटी

राजकीय पीजी कॉलेज में एनएसएस के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 42 स्टूडेंटों ने रक्तदान किया।

प्राचार्य प्रो. रामराज मीना एवं कार्यक्रम अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि रक्तदान शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में राजकीय अस्पताल प्रभारी डॉ. नमोनारायण मीना, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. सौरभ आदि ने रक्तदान का महत्व बताया। शिविर में प्रो. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. मुकेश गोयल, श्रीनिवास गुर्जर, अशोक बैरवा, सर्वेजीत मीना, संग्राम सिंह बैसला सहित 42 जनों ने रक्तदान किया। शिविर में सुरेशचंद व श्रीनिवास गुर्जर का विशेष सहयोग रहा। शिविर के बाद प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताते हुए एकल उपयोग प्लास्टिक को उपयोग नहीं करने की बात कही गई। इस अवसर पर दौड़ का भी आयोजन किया गया।



हिंडौन सिटी। पीजी कॉलेज में रक्तदान करते स्टूडेंट।

## 51 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

**करौली**। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर बुधवार को करौली मंडरायल मार्ग स्थित जिला पुलिस लाइन पर पुलिस अधिकारियों सहित 51 पुलिसकर्मियों ने रक्तदान किया।

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए सर्वप्रथम रक्तदान किया और पुलिसकर्मियों को समय-समय पर रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमारे रक्तदान के जरिए किसी मुसीबत में फंसे व्यक्ति की जान बच सकती है इसलिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और इससे अच्छा बड़ा कोई पुण्य कर्म भी नहीं है। इस दौरान लांगरा थाना अधिकारी दिनेश चंद्र मीणा, श्रीमहावीरजी थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा, मासलपुर के हैड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह जादौन, प्रसून शर्मा, कांस्टेबल अरविंद चतुर्वेदी सहित 51 पुलिसकर्मियों ने रक्तदान कर गांधी जयंती मनाई।

## 140 लोगों ने किया रक्तदान

**करौली**। गांधी जयंती के अवस रपर राजकीय महाविद्यालय, हिंडौन महाविद्यालय व पुलिस लाइन में आयोजित रक्तदान शिविर में 140 यूनिट रक्तदान हुआ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.दिनेश मीना ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर राजकीय महाविद्यालय करौली में 50 यूनिट, हिण्डौन में 39 यूनिट एवं पुलिस लाईन करौली में 51 यूनिट रक्तदाताओं ने अपने रक्त का दान किया। उक्त रक्त का सदुपयोग किया जाकर जरूरतमंद के जीवन को बचाने में किया जएगा। इस प्रकार के सहयोग से जहां मानवीय सेवा होती है वहीं किसी व्यक्ति के जीवन में दिए गए रक्त का उपयोग होने से पुण्य भी मिलता है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर दाताराम ने भी महाविद्यालय परिसर में छात्र एवं छात्राओं को रक्तदान के बारे में जागरूक किया। रक्तदान शिविर में पीएमओ डॉ दिनेश गुप्ता, कॉलेज प्राचार्य [illegible]

Scanned with CamScanner